39. **निम्न में से कौन सा कथन राजस्थान में गिर गौ-वंश के बारे में असत्य है?**
(a) इसे अजमेर में पाला जाता है।
(b) इसे रेन्डिया के नाम से भी जाना जाता है।
(c) बैल को दौड़-खेल में उपयोग लिया जाता है।
(d) इसका उद्भव सौराष्ट्र से है।
कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (c) – राजस्थान में गिर गौ वंश के बैलों का उपयोग दौड़-खेल में नहीं किया जाता है, जबकि ये बैल भारी भार खींचने में समर्थ होते हैं। गिर गौ-वंश के बारे में विकल्प में दिया गया अन्य कथन सत्य है।

40. **2012 के पशु गणना के अनुसार राजस्थान में किस पशु का कुल पशुधन प्रतिशत राज्य में सबसे अधिक है?**
(a) गाय (b) बकरी
(c) भेड़ (d) ऊँट
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (b) – 19वीं पशुधन गणना रिपोर्ट-2012 के अनुसार राजस्थान में बकरियों का कुल पशुधन प्रतिशत राज्य में सबसे अधिक है।

19वीं पशुधन गणना-2012 (राजस्थान)

पशु		**संख्या (2012)**
बकरी	-	20.84 मिलियन
गौ-धन	-	13.9 मिलियन
भेड़	-	7.9 मिलियन
ऊँट	-	2.13 मिलियन
भैंस	-	13.7 मिलियन

41. **जैसलमेर जिले की मुख्य मवेशी की नस्ल का नाम बताइए-**
(a) गिर (b) थारपारकर
(c) कांकरेज (d) राठी
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (b) – गाय की थारपारकर नस्ल जैसलमेर जिले की मुख्य मवेशी नस्ल है। इसका मूल स्थान सिंध क्षेत्र और मैलानी गांव, है। इसका प्रजनन केन्द्र जैसलमेर जिले के चंदन गाँव में है। इस नस्ल की गाय भारत की सर्वश्रेष्ठ दुधारू गायों में गिनी जाती है।

42. **राठी प्रजाति कौन सी दो गायों की संकर प्रजाति है?**
(a) सिंधी व मालवी (b) सिंधी व साहीवाल
(c) साहिवाल व मालवी (d) मालवी व नागौरी
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – राठी गाय को थार प्रदेश की जीवन रेखा माना गया है। राठी नस्ल की गायें बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व चुरू जिलों में पाई जाती है। यह सिंधी व साहीवाल की संकर प्रजाति है। इसलिए राठी नस्ल की गायें साहीवाल की तरह दिखती हैं।

43. **राजस्थान में फेल्सपार उत्पादन में अग्रणी जिला है-**
(a) भीलवाड़ा (b) अलवर
(c) अजमेर (d) झुन्झुनूं
Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (c) – राजस्थान में फेल्सपार उत्पादन में अग्रणी जिला अजमेर है।लगभग 87.94 मिलियन टन संसाधन वाला राजस्थान राज्य देश में फेल्सपार का एक प्रमुख उत्पादक है। फेल्सपार के अन्य महत्वपूर्ण उत्पादक जिला भीलवाड़ा, राजसमंद, पाली, टोंक और सीकर जिले हैं।

44. **किसने 'राज किसान साथी पोर्टल' के लिए 'ई-गवर्नेंस राजस्थान पुरस्कार 2022' प्राप्त किया?**
(a) डॉ. ओमप्रकाश (b) डॉ. के.ए. शर्मा
(c) डॉ. एम.एल. माहिया (d) डॉ. के.एम. मीना
Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (a) : कृषि विभाग के आयुक्त डॉक्टर ओमप्रकाश को ई-गवर्नेंस में बेहतर कार्य के लिए (राज-किसान साथी पोर्टल, मोबाइल एप्स फॉर फार्मर्स के लिए) 'ई-गवर्नेंस राजस्थान पुरस्कार 2022' से सम्मनित किया गया।

45. **राजस्थान के किस जिले में, विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जाएगा?**
(a) जोधपुर (b) अजमेर
(c) जयपुर (d) उदयपुर
Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान के जयपुर जिले में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जाएगा। 5 फरवरी, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और बी.सी.सी.आई. के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस परियोजना की आधारशिला रखी। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत के अनुसार इस स्टेडियम को तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है तथा इसमें 75000 दर्शक बैठ सकेंगे।

46. **राजस्थान के किस जिले में, एम एस एम ई तकनीकी पार्क स्थापित किया जाएगा?**
(a) अजमेर (b) जयपुर
(c) दौसा (d) करौली
Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान के दौसा जिले में 100 करोड़ रूपये की लागत से एम.एस.एम.ई. तकनीकी पार्क स्थापित किया जाएगा। इसके लिए जे.डी ग्रुप व राजस्थान सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है। इस पार्क से करीब 5000 युवाओं को आईटी और अन्य क्षेत्रों में रोजगार मिलेगा।

47. **............. की गौरी माहेश्वरी को 2022 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया–**
(a) अजमेर (b) भीलवाड़ा
(c) डूँगरपुर (d) उदयपुर
Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I